**Title**: Regarding impending strike by the transporters in Delhi on CNG issue.

**श्री मदन लाल खुराना (दिल्ली सदर) :** अध्यक्ष महोदय, आज दिल्ली में लगभग एक लाख स्कूटर, टैक्सी और बस वाले हड़ताल पर हैं। लगभग 15-16 सौ बसें जो डी.टी.सी. और 50-100 बसें जो एस.टी.सी. के अन्तर्गत हैं, वे ही चल रही हैं।

बाकी पूरी तरह हड़ताल पर हैं। इस हड़ताल का किसी पालिटिकल पार्टी ने आह्वान नहीं किया है बल्कि ऑटो, स्कूटर, टैक्सी और बस वाले सी.एन.जी. की परेशानी के कारण इतने फ्रस्ट्रेटेड, दुखी और परेशान हैं कि उन्होंने खुद इस स्ट्राइक को कॉल किया है।

अध्यक्ष महोदय, पिछली 17 तारीख को जब सुप्रीम कोर्ट में यह मामला आया तो सैंट्रल और स्टेट गवर्नमेंट दोनों ने एक जाइंट एफिडेविट दिया कि सी.एन.जी. की जगह और कोई आल्टरनेटिव इस्तेमाल किया जाये लेकिन सुप्रीम कोर्ट नहीं माना। वे लोग दुखी होकर मेरे पास आये और मुझसे कहा कि कल से वे इंडैफिनिट स्ट्राइक करना चाहते हैं। मैंने उन लोगों को सलाह दी कि वे ऐसा मत करें। क्योंकि प्रधानमंत्री जी इस मामले में इंटरवीन कर रहे हैं और कोई रास्ता निकाल रहे हैं। अध्यक्ष महोदय, मुझे यह बात दुख के साथ कहनी पड़ रही है कि दिल्ली के नेताओं ने इस बात को पौलिटिकलाइज़ किया और पिछले चार दिन से स्टेटमेंट दे रहे हैं जैसे कि यह स्ट्राइक खुराना जी करवा रहे हैं और मुझे हीरो बना दिया। इस मामले को लेकर कल जिस तरह दिल्ली के ट्रांसपोर्ट मिनिस्टर ने धमकी दी कि जो ट्रांसपोर्टर्स स्ट्राइक में भाग लेंगे, उनके परमिट कैंसिल कर दिये जायेंगे। इस प्रकार वे विलेन बन गये हैं। मुझे दुख है कि दिल्ली सरकार की इस तरह की धमकी देने से ही पूरे ट्रांसपोर्टर्स आज स्ट्राइक पर हैं।

अध्यक्ष महोदय, मैं आपके माध्यम से पार्लियामेंटरी मिनिस्टर से कहना चाहता हूं कि इस मामले में हमारी और इस सदन की भावनाओं को प्रधानमंत्री जी तक पहुंचाने की कृपा करें।

SHRI PRIYA RANJAN DASMUNSI (RAIGANJ): Sir, it is their failure. They are responsible for not having provided adequate number of CNG outlets in Delhi. ...(*Interruptions*)

MR. SPEAKER: Now, Shri Somnath Chatterjee.

...(*Interruptions*)

**श्री विजय गोयल (चांदनी चौक) :** अध्यक्ष महोदय, दिल्ली के ईश्यू पर क्या हमें नहीं बोलने दिया जायेगा?

**अध्यक्ष महोदय :** मि. विजय गोयल, आप बैठ जायें।

â€¦ (व्यवधान)

MR. SPEAKER: Shri Vijay Goel, please sit down. I have called his name. He has also given a notice.

...(*Interruptions*)